# उदयपुर हत्याकांड के विरोध में पैदल मार्च निकाल विरोध जताया

**बीकानेर,** (कासं)। उदयपुर में कन्हैया लाल की हत्या की गूंज बीकानेर तक सुनाई दी। जहां विहिप, बजरंग दल सहित अनेक हिन्दु संगठनों से तुलसी सर्किल से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकालकर विरोध जताया। इस दौरान दुर्गासिंह शेखावत ने कहा कि हत्या के बाद वीडियो जारी कर अपराधियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धमकी देकर देश की अखंडता एवं संप्रभुता को चुनौती दी है। उदारवाद, विचारों की स्वतंत्रता और धर्म निरपेक्षता को यह चुनौती है जिसे भारत की जनता, विश्व हिन्दू परिषद्, बजरंग दल और केन्द्र सरकार स्वीकार करेगी, इससे लड़ेगी और विजय प्राप्त करेगी।

आंतकवाद की घटनाओं को किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जायेगा। उन्होंने सभी हिन्दू संगठनों को आंतकवाद के खिलाफ एकजुट होने का आव्हान किया। कुछ राष्ट्र विरोधी ताकतें एक सोची समझी साजिश के तहत अलगाववाद और आतंकवाद को बढ़ावा दे रही हैं। देश के बाहर और देश के भीतर भी एक समुदाय विशेष के चुनिंदा लोग माहौल खराब करते रहते हैं। अब वक्त आ गया है कि जहां भी ऐसी गतिविधियों की सूचना मिले, उसे शासन और पुलिस की जानकारी में डालें ताकि समय रहते देश का वातावरण खराब करने वालों के मंसूबों को कुचला जा सके। प्रदर्शन करने वालों में सरजूदास महाराज, मोहन सुराणा, गोकुल जोशी, विजय उपाध्याय, हेम सिंह शेखावत, रासबिहारी जोशी, अनिल शर्मा, वेद व्यास सहित अनेक जने मौजूद थे।

**प्रशासन व पुलिस अर्ल्टः-** उदयपुर हत्याकांड के बाद बीकानेर प्रशासन व पुलिस अर्ल्ट मोड पर आ गई है। जिसके चलते प्रशासन ने न केवल शांति बनाएं रखने के लिये धर्मगुरूओं के साथ बैठक की है। वहीं पुलिस की ओर से किसी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिये ड्रोन की मदद से निगरानी रखी जा रही है। इसके लिये अलग अलग थाना इलाकों में ड्रोन उड़ाए जा रहे हैं। जिसके माध्यम से अवांछित गतिविधियों पर पुलिस पैनी निगाहें जमाएं हुए है। इससे पहले भी सुबह पुलिस ने शहर के अनेक इलाकों में फ्लैग मार्च भी निकाला।

पुलिस ने बताया कि हालात पर निगाह रखने के लिये विशेष टीमों का गठन भी किया गया है। पुलिस की ओर से जिले में सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर विशेष नजर रखी जा रही है। प्रतिदिन लगभग तीन सौ सोशल मीडिया पेजेज और अनेक ग्रुप्स की समीक्षा की जाती है। शहर के थानों में 40 से अधिक मोहल्ला कमेटियां बनाई गई हैं, जिनके 500 से अधिक सदस्य हैं। सीएलजी की बैठकें भी नियमित रूप से की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस-प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं माकूल रखी गई है।

## उदयपुर हत्याकांड, विभिन्न हिन्दू संगठनों ने बोला गहलोत सरकार पर हमला

**सादुलपुर,** (निसं)। उदयपुर में दिनदहाडे की गई टेलर की निर्मम हत्या पर राजस्थान कांग्रेस सरकार पर हिन्दू संगठनों भाजपा विहिप बजरंगदल, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय विचार मंच नें हमला बोला है। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार सरावगी ने कहा कि राजस्थान का कांग्रेस सरकार अपने शासन में पूरे प्रदेश को तालिबानी राज्य बनाने की दिशा में असफल प्रयास कर रही है।

सरावगी ने कहा कि उदयपुर में कन्हैया लाल की बर्बर हत्या से देश अहात हुआ है तथा राजस्थान में कानून का राज खत्म जैसा हो चुका है। सरावगी नें रोष प्रकट करते हुए कहा कि अशोक गहलोत मानसिक रूप से पीडित है। एवं राज्य को अशांत कर अफरा-तफरी का माहौल पैदा कर रहे हैं। राजस्थान में तो सारी हदें पार कर चुकी है। मंच द्वारा गहलोत सरकार को बर्खास्त कर वहां राष्ट्रपति शासन लगाने एवं आतंकियों की धड-पकड करने की माँग की गई है। साथ ही कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने राजस्थान के उदयपुर में एक टेलर की बर्बर हत्या के बाद आतंकवाद निरोधी जांच एजेंसी एनआइए के एक टीम वहाँ भेजी है।

सरावगी ने कहा की राजस्थान को तालिबान जैसा बनने से रोकने के लिए कठोर कदम त्वरित उठाने पडेंगे। इस पर गहन निर्णायक चिंतन करने की सख्त जरूरत है। सरावगी नें कहा कि इस हद तक कि वे खुलेआम हिन्दुओं कि हत्या कर रहे हैं। और प्रधानमंत्री को भी धमकी दे रहे हैं। सरावगी ने कहा कि गहलोत सरकार को इस पाप के लिए कठोर से कठोर दंड दिया जाए। ताकि राज्य में तालिबानी मंसूबे वाले लोगों के हौसलों पर लगाम लग सके। उन्होंने कहा कि राजस्थान में बहरी-गूंगी-सरकार निक्क्मी सरकार कि उलटी गिनती प्रारम्भ हो गई है।

# जेईई-मेन 2022 के पहले अटेम्प्ट की परीक्षा संपन्न

## दूसरे अटेम्प्ट की परीक्षा 21 से 29 जुलाई तक होगी

**कोटा,** (निसं)। जेईई-मेन 2022 के पहले अटेम्प्ट की परीक्षा बुधवार को संपन्न हो गई। जेईई-मेन जून अटेम्प्ट के लिए 9.30 लाख से अधिक विद्यार्थी आवेदन किया था। दूसरे अटेम्प्ट की परीक्षा 21 से 29 जुलाई तक होगी। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून रात 9 बजे तक है। दूसरे अटेम्प्ट के लिए करीब 1.19 लाख से अधिक नए विद्यार्थी आवेदन कर चुके हैं।

पहले अटेम्प्ट की परीक्षा के पेपर 23 से 29 जून, 2022 तक दो पारियों में सुबह 9 से दोपहर 12 और दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक आयोजित हुए। पेपर में भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित के कुल 90 प्रश्न शामिल थे। ऑब्जेक्टिव टाइप के 80 में से 70 और न्यूमेरिकल सेक्शन के दस में से पांच सहित कुल 75 प्रश्न करने थे। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि पहले चरण में आमतोर पर तीनों विषयों में गणित मध्यम रूप से कठिन था। प्रश्नों में फॉर्मूला-आधारित और मिश्रित अवधारणाओं, दोनों का मिश्रण रहा। प्रश्न पत्र लंबा और बीजगणित, 3-डी और कैलकुलस पर जोर रहा। साथ ही सभी अन्य अध्याय भी शामिल थे। भौतिकी का पेपर सामान्य रूप से आसान रहा। अधिकांश प्रश्न कक्षा 11वीं और कक्षा 12वीं के पाठ्यक्रम से थे और विभाजन समग्र रूप से संतुलित था। प्रश्न मैकेनिक्स, थर्मोडायनामिक और इलेक्ट्रोडायनामिक्स जैसे विषयों को कवर करने वाले संख्यात्मक और अवधारणाओं का संयोजन थे। कुछ मुश्किल न्यूमेरिकल प्रश्न जिनमें गणना शामिल थी, भी पूछे गए थे।

दोनों पारियों में छात्रों के लिए रसायन विज्ञान को हल करना अपेक्षाकृत आसान था। यह एनसीईआरटी-आधारित था। भौतिक और कार्बनिक रसायन विज्ञान की तुलना में, अकार्बनिक रसायन विज्ञान को इस बार अधिक वेटेज दिया गया था। पेपर में केमिकल बॉन्डिंग, कोऑर्डिनेशन, जीओसी, इक्विलिब्रियम, मोल कॉन्सेप्ट और स्टेट ऑफ मैटर से जुड़े सवाल सबसे ज्यादा पूछे गए थे। इसके अलावा अधिक संख्या में स्लॉट के कारण हर खंड और स्लॉट में जेईई मेन के विशिष्ट विषय जैसे एनवायर्नमेंटल केमिस्ट्री, रोजमर्रा की जिंदगी में रसायन विज्ञान, मैथमेटिकल रीजनिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल थे। कुछ तकनीकी गड़बड़ियां भी थीं जिनका छात्रों को इंटरफ़ेस, छोटे फान्ट, स्वतः सहेजे गए उत्तर और रिक्त स्क्रीन से संबंधित बाधाओं का सामना भी करना पड़ा।

**संभावित कटऑफः-** कठिनाई स्तर, इंटरफ़ेस समस्या और व्यक्तिपरक प्रश्नों में नेगेटिव मार्किंग को ध्यान में रखते हुए, जेईई मेन्स 2022 की संभावित कट-ऑफ जेईई मेन्स 2021 की तुलना में कम होने के आसार है। अपेक्षित कटऑफ मार्क्स सामान्य वर्ग के लिए 86.8, अन्य पिछड़ा वर्ग- 67.2, अनुसूचित जाति- 44.3, अनुसूचित जनजाति के लिए 31.5 माने जा रहे हैं।

पिछले वर्षों के ट्रेंड को देखते हुए जेईई-मेन जून अटेम्प्ट का परिणाम 10 जुलाई तक संभावित है। जेईई-मेन परीक्षा के बाद प्रोविजनल आंसर की, विद्यार्थियों के रिकॉर्डेड रेस्पोंस एवं प्रश्न पत्र जारी किए जाते हैं और विद्यार्थियों को आंसर की को चौलेंज करने का समय दिया जाता है। इसके बाद ही परिणाम एवं फाइनल आंसर की जारी की जाती है। इस प्रक्रिया में 7 से 8 दिन का समय लगता है।

# चिड़ावा के हिस्से का सामान बेचने का आरोप

■ ओजटू सरपंच ने पीएचईडी विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाए

**चिड़ावा,** (निसं)। चिड़ावा पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक प्रधान इंद्रा डूडी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में। ओजटू सरपंच ने पीएचईडी विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए बताया कि चिड़ावा को उसके हिस्से का सामान ही नहीं मिल रहा। जबकि आगे से सामान जलदाय विभाग के दफ्तर में आ गया। उन्होंने आरोप लगाया की चिड़ावा के हिस्से का सामान बाजार में बेचा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों को अपनी जेब से रुपए देकर काम करवाने पड रहे है। इससे शर्मनाक स्थिति और क्या होगी। ऐसे में झुंझुनूं बैठने वाले और इसी माह रिटायर होने वाले अधिकारी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लिया जाए। जिसका सभी ने समर्थन किया। बैठक में जिला परिषद सदस्य पंकज धनखड ने बिजली विभाग द्वारा गरीब लोगों के लाखों की वीसीआर भरकर परेशान करने और अघोषित बिजली कटौती का आरोप लगाया। विभाग एक्सईएन अशोक ने कहा कि वीसीआर अपराध साबित होने पर ही भरी जाती है। फिर भी कोई मामला है तो दिखवा लेंगे। अघोषित बिजली कटौती पर कहा कि आगे से लोड बढ ने पर कटौती होती है। इसके अलावा अन्य कटौती की सूचना दी जाती है। सरपंचों ने चिड़ावा अस्पताल में फिजिशियन लगवाने, पीएचईडी व पीडब्ल्यूडी का एक्सईएन दफ्तर खुलवाने का प्रस्ताव भी पुरजोर तरीके से रखा। ओजटू से घासी का बास सड़क में घटिया सामग्री इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए सरपंच विनोद ने इसकी जांच करवाने और दोषियों पर कार्रवाई करवाने और सही निर्माण की मांग की।

## 'गहलोत सरकार के शासन में प्रदेश की कानून व्यवस्था वेंटीलेटर पर'

**भरतपुर,** (निसं) । हाल ही में उदयपुर में हुए वीभत्स हत्याकाण्ड पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गिरधारी तिवारी ने अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि यह घटना क्रम प्रदेश ही नही बल्कि पूरे देश की एकता, अखण्डता व भाईचारे के लिए खतरा है। पिछले कुछ समय से सम्पूर्ण प्रदेश में अराजकता का माहौल व्याप्त है।

काननू का कहीं नामो निशान व डर नहीं है। उन्होंने कहा कि जब पूर्व में पीड़ित कन्हैया लाल ने हत्यारों द्वारा धमकियां मिलने की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई तो पुलिस वालों ने घोर लापरवाही करते हुए मामले को रफा-दफा कर दिया व उल्टा पीड़ित को ही डराया-धमकाया। अगर पुलिस अपने कर्तव्य का उचित पालन करती तो ऐसी बर्बरता नहीं होती। पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमारी मांग है शीघ्र ही पुलिस इस केस की चार्जशीट दाखिल करें एवं दोषियों को फांसी की सजा दी जायें ताकि ऐसे जघन्य अपराधों की पुनरावृति नही हो।

# राजस्थान सरकार के शासन में अपराधी बेखौफ घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं : मदन दिलावर

## उदयपुर में हुई घटना की कड़ी निंदा करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया

**अजमेर,** (कासं)। कांकरदा भुनाबाय स्थित भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्मित कार्यालय में जिला कार्यसमिति व बूथ सशक्तिकरण अभियान की बैठक का आयोजन किया गया। जिला कार्यसमिति में प्रदेश महामंत्री मदन दिलावर, जिला संगठन प्रभारी वीरमदेव सिंह, सांसद भागीरथ चौधरी, विधायक वासुदेव देवनानी, विधायक अनिता भदेल, पूर्व महापौर धर्मेंद्र गहलोत, पूर्व अध्यक्ष अरविंद यादव, पूर्व एडीए अध्यक्ष शिवशंकर हेड़ा, पूर्व मंत्री किशन सोनगरा, सहित जिले में प्रदेश पदाधिकारी जिला पदाधिकारी,पार्षद, जिला कार्यसमिति सदस्य मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष प्रकोष्ट अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

भाजपा अजमेर शहर जिला की कार्यसमिति एवं बूथ सशक्तिकरण अभियान की बैठक में चर्चा के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए प्रदेश महामंत्री मदन दिलावर ने कहा कि राजस्थान की बेपरवाह गहलोत सरकार के शासनकाल में अपराधी बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम देते हुए पूरे प्रदेश की जनता को शर्मसार कर रहे हैं। उदयपुर में हुई घटना प्रदेश सरकार और पुलिस की नाकामी बयां करती है। यदि मुख्यमंत्री समय रहते पीडित को सुरक्षा उपलब्ध करवाने के लिए पुलिस को कहते तो शायद उसकी जान बच सकती थी। खुद गृहमंत्री अशोक गहलोत के रहते हुए प्रदेश में लगातार सांप्रदायिक दंगे हो रहे हैं, बावजूद इसके उनकी जिम्मेदारी लेने की बजाय मुख्यमंत्री सारी जिम्मेदारी का ठीकरा प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के माथे फोड़ देते हैं। उदयपुर की घटना के बाद भी यही देखने को मिला जब उन्होंने इस घटना की निंदा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को कह दिया कि वह पूरे देश को संबोधित करें उससे ज्यादा असर पड़ेगा। इस वक्त देश का माहौल खराब है। ऐसा बचकाना बयान मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता। राजस्थान की बेपरवाह गहलोत सरकार फाइव स्टार होटलों में बार-बार बंद रहकर ऐशो आराम करती है और दूसरी और राजस्थान की जनता पानी, बिजली, स्वास्थ्य और कानूनी मुद्दों से जूझने के लिए मजबूर रहती है।



अजमेर में प्रदेश महामंत्री दिलावर ने भाजपाइयों को सम्बोधित किया।

भाजपा राजस्थान जिला अजमेर शहर की कार्यसमिति कांग्रेस की इस भ्रष्ट, निर्लज्ज, संवेदनहीन, नकारा सरकार के खिलाफ प्रस्ताव पारित करते हुए 2023 के चुनाव में राजस्थान को कांग्रेस मुक्त करने का संकल्प लेती है। इस दौरान कार्यसमिति के बीच उदयपुर में हुई घटना की कड़ी निंदा करते हुए 2 मिनट का मौन भी रखा गया।

# पति, सास-ससुर के खिलाफ मामला दर्ज

## विवाहिता की मौत के बाद पीहर पक्ष ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर के महामंदिर थाना क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतका के भाई ने दहेज के लिए तंग-प्रताड़ित व हत्या करने का आरोप लगाकर मृतका के पति, सास-ससुर व देवर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया।

धनाधिकारी लेखराज सिहाग ने बताया कि आकाशवाणी के पीछे निवासी अनुलता परिहार को संदिग्ध हालात में मौत हुई है। मदेरणा कॉलोनी निवासी उसके भाई सुरेश चौहान ने बहन के पति अतुल, नास रेणु ससुर खेतसिंह और देवर आदित्य के खिलाफ दहेज के लिए तंग व प्रताड़ित और हत्या करने का मानला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अनुलता की शादी 23 जनवरी 2007 को अतुल से हुई थी। गत 23 मार्च 2009 को बहन के पुत्र का जन्म हुआ था।

शादी के बाद से पति व अन्य आरोपी बहन को दहेज के लिए तंग व प्रताड़ित कर रहे थे। वे कार व बीस लाख रुपए को मांग कर रहे थे। साथ ही मारपीट व बेइज्जत करते थे। वर्ष 2015 में बहन को घर से निकाल दिया गया था, लेकिन पीहर पक्ष व समाज के लोगों ने समझाइश कर उसे सनुराल छोड़ा था। इस बीच मंगलवार सुबह छह बजे बहन के ससुर ने बहन की

खराब होने को सूचना दी। परिजन मथुरादास माथुर अस्पताल पहुंचे, जहां बहन को मृत पाया। पुलिस का कहना है कि सुबह छह बजे मृतका को उसके पुत्र ने कमरे में देखा तो चिल्लाने लगा था। अन्य परिजन वहां आए और फिर गंभीर हालत में मथुरादास माथुर अस्पताल ले गए थे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया था। पीहर पक्ष का आरोप है कि ससुर ने अनुलता के नींद की गोलियां खाने से तबीयत खराब होने व अस्पताल लेकर जाने की सूचना दी थी। दो भाई अस्पताल पहुंचे तो बहन को मृत पाया था।

ससुराल वाले अस्पताल से शव बाहर ला रहे थे, लेकिन पीहर पक्ष ने पोस्टमार्टम करवाने की मांग को। साथ ही मामला दर्ज कराया।

## एक की मौत, सात घायल

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के लूणकरनसर थाना इलाके में बुधवार को कार-बोलेरो की भिड़ंत में एक जने की मौत हो गई। जबकि सात अन्य घायल हो गये है। घायलों को पीबीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हाईवे पर विश्वकर्मा मार्केट के सामने कार-बोलेरो की भिड़ंत में मृतक की शिनाख्त बीकानेर के चाणक्य नगर में रहने वाले सुग्रीव के रूप में हुई है। इसकी सूचना मिलने के साथ मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को लेकर लूणकरनसर के सामुदायिक चिकित्सालय पहुंची। जहां गंभीर रूप से घायल छह जनों को बीकानेर पीबीएम में रैफर किया गया है।

# बस-जीप की भिड़ंत, स्टेयरिंग और सीट के बीच में फंसा चालक

■ मशक्कत कर बाहर निकाला, गुजरात रैफर किया

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाडा थाना अन्तर्गत एनएच 48 पर बस और जीप में आमने-सामने की भिडंत हो गई। हादसे में जीप में बैठे 3 लोग घायल हो गए। जीप का ड्राइवर तो स्टेयरिंग और सीट के बीच में फंस गया, जिसे बडी मशक्कत के बाद बाहर निकाला।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को बिछीवाडा अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस सूत्रो के अनुसार एक जीप सवारियां लेकर मोदर, तलैया की ओर जा रही थी और बस पाटिया, बलिचा से डूंगरपुर की तरफ जा रही थी। इस दौरान नीलगिरी होटल के सामने नेशनल हाईवे-48 पर दोनों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में जीप का ड्राइवर बसंती (21) निवासी आमझरा स्टेयरिंग और सीट के बीच में फंस गया।

सूचना पर बिछीवाडा पुलिस मौके पर पहुंची और ड्राइवर को करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकाला। हादसे में जीप सवार नितेश (18) पुत्र पप्पू ताबीयाड एवं साबिर (20) पुत्र रणछोड ताबीयाड निवासी मोदर घायल हो गए। तीनों घायलों को बिछीवाडा अस्पताल में भर्ती करवाया है। ड्राइवर बसंती की हालत गंभीर होने पर गुजरात रैफर कर दिया।


# शराब के ठेके पर चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

## 14 जून को हुआ था घटनाक्रम

**डूंगरपुर,** (निसं)। रामसागडा थाना अन्तर्गत वीरपुर स्थित शराब के एक ठेके से गत 14 जून को अज्ञात बदमाशानो ने दुकान का नकोचा व ताला तोडकर नकदी व अंग्रेजी शराब चोरी कर ले गए थे जिसको लेकर ठेके के कार्मिक द्वारा 15 जून को रामसागडा थाना मे रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमे खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वीरपुर शराब ठेके के सेल्समैन सुरेन्द्र पुत्र मणिलाल डामोर निवासी आंतरी ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि गत 14 जून की रात्रि को रोजाना की भांति दूकान बंद कर दूकान के पीछे स्थित मकान की छत पर प्रार्थी, उसका साथी रामगढ निवासी प्रवीणसिंह तथा बाडमेर निवासी भैमाराम छत पर सोए थे। प्रातः उठकर देखा तो दूकान का नकोचा व ताला तोडकर अंदर प्रवेश किया तथा गल्ले मे पडी नकदी व शराब की पेटियां चुराकर ले गए।

इस मामले मे प्रार्थी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पतेरसी प्रारंभ की तथा आस पास मे लगे सीसी टीवी के फुटेज को खंगाला तो



शराब ठेके पर चोरी के मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी।

इस मामले मे विनोद पुत्र सोमेश्वर कलासुआ निवासी धामेद फलां गोंगा तथा राजेन्द्र पुत्र वेला ढूहा धामेद फलां गोंगा को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उन्होने जूर्म करना कबूला। पुलिस ने दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया। जहां से उन्हे पुलिस रिमाण्ड पर सौंपा गया।

## 'अवैध खनन को रोकने के लिये संबंधित अधिकारी कार्रवाई करें'

**करौली,** (नि.स.) संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने कहा कि जिले मे सडक दुर्घटना एवं अवैध खनन को रोकने के लिये माईनिंग, पुलिस, परिवहन, राजस्व विभाग संयुक्त टीम गठित कर कार्यवाही करे एवं जिले मे हो रही सडक दुर्घटनाओ को रोकने के लिये पुलिस एवं परिवहन विभाग आमजन को जागरूक करते हुए राज्य सरकार की मंषा के अनुसार कार्य करे। संभागीय आयुक्त बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होने संबंधित अधिकारियों को राज्य एवं केन्द्र सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओ के लोकार्पण एवं शिलान्यास के दैरान संबंधित जनप्रतिनिधी को सूचित करने एवं अतिथि के रूप मे बुलाने, राजस्थान संपर्क पोर्टल के प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करने, जनप्रतिनिधियों के पत्रां का निस्तारण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिये।

# चैन स्नैचिंग एवं बाइक चोर गिरोह मामले में महिला सहित चार गिरफ्तार

## आरोपियों से सोने की चैन व बाइक बरामद की, सभी रैकी कर वारदात को अंजाम देते थे

**अजमेर,** (कास)। क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने चैन स्नैचिंग व मोटरसाइकिल चौर गिरोह के 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही मामले में 1 नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने आरोपियों से 2 सोने की चैन व 2 मोटरसाइकिल भी बरामद की है। सभी आरोपी रेकी कर वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

■ एक नाबालिग निरुद्ध, पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी

क्रिश्चियन गंज थाना प्रभारी डॉ रविश सामरिया ने बताया की अलखनंदा कॉलोनी निवासी सुमन माथुर ने 18 मई को थाने पर चैन स्नैचिंग का मामला दर्ज करवाया था। मामले में परिवादी की रिपोर्ट पर मुकमा दर्ज कर टीम का गठन किया गया और टीम को कारवाई के निर्देश दिए गए। सीआई डॉ रविश सामरिया ने बताया की टीम ने आरोपियों के अलग-अलग ठिकानो पर दबिश दी गई। इस बीच



क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस को आरोपियों के भेरू बाड़ा के तरफ होने की सूचना मिली। जिस पर पुलिस ने कार्रवायी करते हुए अजमेर निवासी हिमांशु महावर पुत्र ताराचंद (26), रोशन रेगर पुत्र मोहन लाल (24), प्रियंका पत्नी मोहसिन (30) सहित चोरी माल खरीदने वाले सुनार नंदू सोनी पुत्र सत्यनारायण सोनी (21) को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने मामले में एक नाबालिग को निरुद्ध किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने 10 से ज्यादा वारदात करना कबूल किया है। सभी आरोपी रेकी कर वारदात को अंजाम देते थे। आरोपियों से 2 सोने की चैन और 2 चोरी की बाइक बरामद की गयी है। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।